# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (का.-1), बेंगलूर
# Town Official Language Committee (O.-1), Bengaluru

यू.आर. राव उपग्रह केंद्र (यू.आर.एस.सी.) U.R. Rao Satellite Centre (URSC)
एच.ए.एल. एयरपोर्ट रोड, बेंगलूर HAL Airport Road, Bengaluru - 560 017

**यू.आर. राव उपग्रह केंद्र, बेंगलूरू के सतीश धवन सभागृह में दिनांक 24 दिसंबर 2024 को अपराह्न 2.00 बजे आयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (का.-1), के वर्ष 2024 की द्वितीय बैठक का कार्यवृत्त।**
**Minutes of the Second Meeting of the Town Official Language Implementation Committee (O.-1), for the year 2024 conducted on 24th December 2024 at 02.00 P.M. in Satish Dhawan Auditorium, U.R. Rao Satellite Centre, Bengaluru.**

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के वर्ष 2024 की दूसरी बैठक यू.आर. राव उपग्रह केंद्र-यू.आर.एस.सी., बेंगलूरु के सतीश धवन सभागृह में दिनांक 24 दिसंबर 2024 को अपराह्न 2.00 बजे आयोजित की गई। श्री एम. शंकरन, अध्यक्ष, नराकास (का.-1) एवं निदेशक, यू.आर. राव उपग्रह केंद्र-यू.आर.एस.सी. ने बैठक की अध्यक्षता की। साथ ही, श्री अनिर्बान कुमार विश्वास, उप निदेशक (का.) एवं कार्यालय अध्यक्ष, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, राजभाषा विभाग, श्रीमती ईश्वरी सुगुमार, वरिष्ठ प्रशासन अधिकारी, यू.आर.एस.सी. भी उक्त बैठक में उपस्थित रहे।

The Second Meeting of the TOLIC for the year 2024 was held on 24th December 2024 at 1400 Hrs. in Satish Dhawan Auditorium, Bengaluru. The meeting was presided by Shri M. Sankaran, Chairman, TOLIC (O.-1) & Director, U.R. Rao Satellite Centre-URSC, Bengaluru. Besides, Shri Anirban Kumar Vishwas, Dy. Director (Impl.) & Head of Office Regional Implementation Office, Smt. Eswari Sugumar, Sr. Admin. Officer, URSC were also present in the Meeting.

श्री सोजित भास्करन, तकनीशियन, यू.आर.एस.सी. ने ईश वंदना प्रस्तुत की। मंचासीन गणमान्यों द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ बैठक का शुभारंभ किया गया।

Shri Sojith Bhaskaran, Technician, URSC presented the invocation. The dignitaries on the Dias inaugurated the meeting by lighting the lamp.

श्रीमती सीना राजेंद्रन, उप निदेशक (रा.भा.), यू.आर.एस.सी. ने बैठक में उपस्थित सभी गणमान्यों का स्वागत किया। तदनंतर उन्होंने कहा कि नराकास की बैठकों में कार्यालय के प्रधान की अनिवार्यत: उपस्थिति राजभाषा के आदेशों के तहत है। इससे राजभाषा संबंधी नीति नियमों एवं विभिन्न आदेशों की जानकारी अद्यतित होगी। तकनीकी कार्यों में व्यस्तता के बावजूद अध्यक्ष महोदय यह सुनिश्चित करते हैं कि नराकास एवं राजभाषा नियम एवं अधिनियमों की अपेक्षाओं को पूरा किया जा रहा है और उनके नेतृत्व में राजभाषा का कार्यान्वयन प्रगति की दिशा में अग्रसर है।

Smt. Seena Rajendran, Dy. Director (OL), URSC welcomed all the dignitaries present in the Meeting. Later she said that the compulsory attendance of the Heads of the Office is as per the Orders of the Official Language. With this the information about the OL related policies, rules and various Orders is updated. Inspite of being busy in Technical activities, Chairman always ensures the requirements of TOLIC and OL Rules and Acts is being fulfilled and under his leadership the implementation of Official Language is prospering.

श्री एम. शंकरन, निदेशक, यू.आर.एस.सी./अध्यक्ष, नराकास (का.-1) ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति का उद्देश्य है कि हम सब मिलकर राजभाषा के प्रचार में पूरा योगदान दें। इसके लिए प्रत्येक कार्यालय को हिंदी के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करना होगा। उन्होंने यह भी अपील किया कि अपने-अपने कार्यालय में अपने काम के साथ पूरी निष्ठा से राजभाषा में भी पहल करें और निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करें। सभी प्रतिभागियों और पुरस्कार विजेताओं को उन्होंने शुभकामनाएं दी। साथ ही, उन्होंने नराकास के मंच से सभी को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

Shri M Sankaran, Director, URSC/Chairman, TOLIC (O.-1) while addressing said that the objective of Town Official Language Implementation Committee is to contribute for the propagation of Official Language. For this every Office has to create a suitable environment. He also appealed that everyone should work with full dedication in Official Language along with their work in concerned Offices and try to achieve the targets. Later he congratulated all the prize winners. Besides, on behalf of TOLIC he wished New Year Greetings to all.

बैठक में लगभाग 31 सदस्य कार्यालयों से कुल 80 प्रतिभागी उपस्थित रहे। प्रतिभागियों की सूची अनुबंध-1 में दी गई है।
A total number of 80 Officials were present in the Meeting from around 31 Member Offices. The list of the participants is given in Annexure-1.

श्रीमती गीता प्रसाद, सदस्य सचिव नराकास (का.-1) एवं सहायक निदेशक (रा.भा.), यू.आर.एस.सी. ने सूचित किया कि राजभाषा हिंदी का प्रचार-प्रसार करना, राजभाषा नीतियों और आदेशों का अनुपालन एवं कार्यान्वयन हम सबका संवैधानिक दायित्व है। हिंदी के प्रगामी प्रयोग के संबंध में सभी सदस्य कार्यालयों से छमाही रिपोर्ट मँगवाई गई थी, जिसकी समेकित रिपोर्ट सभी कार्यालयों को भेजी गई। सभी कार्यालयों में अधिकांशत: हिंदी में काम नि:संदेह सुचारु रूप से चल रहा है, तथापि इसको और आगे बढ़ाने हेतु हम सबको मिलकर प्रयास करना होगा।

उन्होंने सूचित किया कि वर्ष 2023-24 के दौरान राजभाषा कार्यान्वयन की दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विजेता कार्यालयों को भी अध्यक्ष, नराकास (का.-1) के कर-कमलों द्वारा शील्ड एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए जाएंगे। साथ ही, उन्होंने नवंबर 2024 के दौरान संयुक्त हिंदी पखवाड़ा समारोह के तहत आयोजित अंतर-कार्यालयीन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी बधाई दी।

तत्पश्चात् उन्होंने अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही शुरु की। इसके उपरान्त कार्यसूची पर चर्चा आरंभ हुई।

Smt. Geeta Prasad, Member Secretary TOLIC (O.-1) & Assistant Director(OL), URSC informed that it is our constitutional responsibility for the propagation, compliance and implementation of the Policy and Orders of Official Language Hindi. With regard to progressive use of Hindi half yearly report was asked from all the Member Offices & later after consolidation it was forwarded to all Offices. Official work in Hindi is being carried out smoothly in almost all the Member Offices. However, all have to join hands to put in more efforts for its further progress.

She informed that, today on this august gathering Chairman, TOLIC (O.-1) will be giving the shields to the winner Offices of the year 2023-24 also. She also congratulated the prize winners of the Inter-Office competitions organised during November 2024 under the Joint Hindi Fortnight celebrations.

Later on, with the permission of the Chairman she started the proceedings as per the Agenda.

**मद संख्या/Item No.1**

पिछली बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि
Confirmation of the minutes of the previous meeting:

विचार-विमर्श के बाद, सर्व सम्मति से पिछली बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई।
After the discussion, the minutes of the previous meeting were confirmed.

**मद संख्या/Item No.2**

पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई
Action taken on the decisions taken in the previous meeting

नराकास (का.-1) के तत्वावधान में .........

- संयुक्त हिंदी माह के तहत दिनांक 12 नवंबर 2024 से 29 नवंबर 2024 तक विभिन्न सदस्य कार्यालयों द्वारा कुल 08 प्रतियोगिताओं का आयोजन व प्रायोजन किया गया।

तदनंतर, सदस्य सचिव ने नराकास (का.-1) की गतिविधियों के बारे में संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत करने से पहले कुछ विशिष्ट बिंदुओं की ओर सबका ध्यान आकर्षित करते हुए, आवश्यक कार्रवाई करने हेतु आग्रह किया

Later, before presenting the brief report regarding the activities of TOLIC (O.-1), Member Secretary. brought to everyone's notice the special points and requested to take necessary action on the same: -

- भविष्य में तिमाही प्रगति रिपोर्ट, राजभाषा विभाग के प्रोफॉर्मा में, तिमाही की समाप्ति के तुरंत बाद, एक महिने की अवधि में नराकास (का.-1) को भेजने हेतु अनुरोध किया। इस बार भी छमाही प्रगति रिपोर्ट का प्रपत्र सभी सदस्य कार्यालयों को भेजा गया था और निर्धारित समय में भरे हुए प्रपत्र भेजने के लिए कहा गया था, ताकि इसे समय पर समेकित किया जा सके। लेकिन

कुछ ही कार्यालयों से पूर्णत: भरे हुए प्रपत्र प्राप्त हुए, कुछ कार्यालयों से केवल आंशिक रुप में भरे हुए प्रपत्र प्राप्त हुए। इससे सभी कार्यालयों के प्रपत्र को समेकित कर, विवरणी तैयार करने में बहुत ही कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

She requested everyone to send the Quarterly Progressive Report in DOL proforma, immediately after the completion of the quarter with in a month to TOLIC (O.-1). This time also Half yearly Report proforma was sent to all the Member Offices and it was informed to send back the filled in proformas within the stipulated time, so as to consolidate the same accordingly. But, only a few Offices sent the filled in proformas and others sent partially filled in proformas. Due to this after the consolidation, a lot of problems were faced in preparing the Tabulation sheet.

**अत: अनुरोध है कि भविष्य में हर तिमाही की समाप्ति के अगले माह के 15 तारीख तक तिमाही प्रगति रिपोर्ट नराकास (का.-1) को भिजवाएं तथा अक्तूबर-मार्च की भरी हुई छमाही प्रपत्र अप्रैल के अंतिम सप्ताह तक एवं अप्रैल-सितंबर की भरी हुई छमाही प्रपत्र अक्तूबर के अंतिम सप्ताह तक अनिवार्य रुप से भिजवां दें।**
**निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किए जाने वाले प्रपत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।**

**Hence it is requested that in future the Quarterly Progressive Report may be sent to TOLIC (O.-1) by 15th of the subsequent month after the completion of every Quarter and send the filled in half-yearly report from October-March in the last week of April and filled in half-yearly report from April to September in the last week of October compulsorily.**
**The proformas sent after the stipulated date will not be considered.**

(कार्रवाई: सभी सदस्य कार्यालय/Action: All Member Offices)

- सदस्य सचिव ने पुन: दोहराते हुए कहा कि नराकास (का.-1) के लिए विशेष रुप से एक वेबसाइट बनाया गया है, जिसमें अपने कार्यालय की तिमाही प्रगति रिपोर्ट गतिविधियों को अपलोड कर सकते हैं। इसके लिए इससे संबंधित कार्यालय के Static I.P. Address को जोड़ना होगा। इस संबंध में एक पत्र सभी सदस्य कार्यालयों को भेजा गया था, पर कुछ ही कार्यालयों से Static I.P. Address नराकास (का.-1) को प्राप्त हुए हैं। अत: शेष कार्यालयों से यथा शीघ्र I.P. Address भेजने हेतु अनुरोध किया गया।

  Member Secretary reiterated that, a special website has been prepared for TOLIC (O.-1), wherein the activities of Quarterly Progress Report of the Office can be uploaded. The same has to be linked with the Static I.P. Address of the concerned Office. In this regard, a letter was sent to all the Member Offices, but only few Static I.P. Address has been received from Member Offices to TOLIC (O.-1). Hence, she requested the rest of the Offices to send the Static I.P. Address at the earliest.

  (कार्रवाई: सभी सदस्य कार्यालय/Action: All Member Offices)

- सदस्य सचिव ने सूचित किया कि नराकास के वार्षिक अंशदान निम्नानुसार है।
  Member Secretary informed that the Annual contribution is given below.

| | |
|---|---|
| 1 से 50 तक स्टॉफ सदस्य | - ₹.2,000/- |
| 51 से 500 तक स्टॉफ सदस्य | - ₹.3,000/- |
| 501 से 1000 तक स्टॉफ सदस्य | - ₹.4,000/- |
| 1001 से अधिक स्टॉफ सदस्य | - ₹.5,000/- |

अत: सभी सदस्य कार्यालयों से अनुरोध है कि अपने कार्यालय के कर्मचारियों की संख्या के अनुसार उपरोक्त अंशदान TOWN OFFICIAL LANG IMPL COMMI, के नाम पर चेक अथवा डी.डी. बनवाकर पत्र के साथ नराकास (का.-1) को भिजवाएं। इसका A/C NO. 10356553831, State Bank of India, ISRO Branch, Vimanapura Post, Bengaluru, IFSC Code 9048 है। अनुरोध है कि जिन्होंने अभी तक नहीं भेजा है, वे यथाशीघ्र भेजें

Hence, it is requested to all the Member Offices that as per the number of Employees of their Office, cheque or DD with a covering letter may be sent to TOLIC (O.-1), in favour of TOWN OFFICIAL LANG IMPL COMMI. The A/C NO. is 10356553831, State Bank of India, ISRO Branch, Vimanapura Post, Bengaluru, IFSC Code 9048.

(कार्रवाई: सभी सदस्य कार्यालय/Action: All Member Offices)

**नराकास (का.-1) की गृह-पत्रिका/ In-house magazine of TOLIC (O.-1)**

- नराकास (का.-1) की वार्षिक गृह-पत्रिका के अगले अंक हेतु सामग्री यथाशीघ्र भिजवाएं ।
  Materials may be sent at the earliest for the next issue of annual TOLIC (O.-1) In-house journal.
  (कार्रवाई: सभी सदस्य कार्यालय/Action: All Member Offices)

**वर्ष 2023-24 हेतु राजभाषा शील्ड**
**OL Shields for the year 2023-24**

सदस्य कार्यालयों में राजभाषा कार्यान्वयन को बढ़ावा देने के लिए समिति हर वर्ष राजभाषा शील्ड प्रदान कर रही है। वर्ष 2022-23 के दौरान राजभाषा नीति के सर्वोत्कृष्ट कार्य निष्पादन के आधार पर समिति द्वारा निम्न बड़े एवं छोटे कार्यालयों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करने का निर्णय लिया गया :-
The Committee has been awarding Shields every year to encourage Member Offices in the implementation of Official Language. The evaluation Committee decided to award Shields and Certificates on the basis of the best implementation of Hindi for the following Big and small Offices for the year 2022-23: -

**बड़े कार्यालय/Big Offices**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | यू.आर. राव उपग्रह केंद्र - URSC | उत्कृष्ट |
| 2. | कर्मचारी भविष्य निधि संगठन - EPFO | प्रथम |
| 3. | सी.आई.एस.आर., राष्ट्रीय वांतरिक्ष प्रयोगशालाएं - NAL | द्वितीय |
| 4. | रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक का कार्यालय - PCDA | तृतीय |

**छोटे कार्यालय/Small Offices**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | क्षेत्रीय सुदूर संवेदन केंद्र-दक्षिण - RRSC | प्रथम |
| 2. | केंद्रीय विद्यालय संगठन - KVS | द्वितीय |
| 3. | रक्षा मानकीकरण सेल - DSC | तृतीय |

**नए प्रस्ताव/ New Proposal:-**

1. नराकास (का.-1) के तत्वावधान में वर्ष 2024-25 के दौरान संयुक्त हिंदी कार्यशाला, हिंदी तकनीकी संगोष्ठी अथवा अन्य कोई ज्ञानवर्धक कार्यक्रम के आयोजन हेतु आगे आने का आग्रह किया और उक्त कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए हिंदी के प्रचार-प्रसार में अपना योगदान दें।
   Under the auspices of TOLIC (O.-1), it was requested to come forward for organizing Joint Hindi Workshop, Hindi Technical Seminar and any other Informative Programme during the year 2024-25 and contribute for the propagation of Hindi by organizing such Programmes.

2. नराकास (का.-1) के तत्वावधान में वर्ष 2024-25 के दौरान पांच दिवसीय/एक दिवसीय अथवा अर्ध दिवसीय हिंदी अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है।
   Under the auspices of TOLIC (O.-1), a Five-day/One day or half a day Hindi Translation Training programme has to be organized during the year 2024-25.

3. नराकास (का.-1) के तत्वावधान में वर्ष 2025 के दौरान विश्व हिंदी दिवस का आयोजन किया जाना है।
   Under the auspices of TOLIC (O.-1), Vishwa Hindi Diwas has to be organized for the year 2025.

**विभिन्न सदस्य कार्यालयों द्वारा प्रस्तुत आंकडों की समीक्षा**
**Review of the data given by various Member Offices:-**

श्री अनिर्बान कुमार विश्वास, उप निदेशक (का.) एवं कार्यालय अध्यक्ष, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, राजभाषा विभाग ने विभिन्न सदस्य कार्यालयों से प्राप्त प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा की। उन्होंने इस संदर्भ में सदस्य कार्यालयों से अनुरोध किया कि वे:
Shri Anirban Kumar Vishwas, Dy. Director (Impl.) & Head of Office Regional Implementation Office, Language reviewed the progressive reports received by Member Offices. In this context, he requested the Member Offices that:

1. राजभाषा विभाग को तिमाही प्रगति रिपोर्ट ऑन-लाइन ही भेजें और एक प्रति नराकास कार्यालय को भी भेजें।

2. धारा-3 (3) और नियम-5 का अनिवार्य रूप से पालन करें और कार्यालय की वेबसाइट अवश्य द्विभाषी बनवाएं।

3. जिस कार्यालय में 80% से अधिक कर्मचारी प्रशिक्षित हो गए हैं, उस कार्यालय को नियम 10(4) के तहत अधिसूचित किया जाए।

4. जल्द से जल्द निर्धारित समय तक हिंदी प्रशिक्षण पूरा किया जाए। साथ ही उन्होंने सभी कार्यालयों से अनुरोध किया कि अपने कार्यालय में प्रशिक्षण हेतु शेष कर्मचारियों की सूची हिन्दी शिक्षण योजना को भेजी जाए ताकि इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जा सके। उन्होंने यह भी अनुरोध किया कि इस अवधि के दौरान सभी प्रशिक्षण कार्यक्रम ऑनलाइन द्वारा ही आयोजित किए जा रहे हैं, इससे कर्मचारियों को उनके दैनिक कामकाज पर बाधा भी नहीं होती है। अत: इसका लाभ उठाएं और अधिक से अधिक संख्या में शेष कर्मचारियों को नामित करें।

5. हर एक कार्यालय के हिंदी अनुवादकों को केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो द्वारा आयोजित किए जाने वाले विभिन्न ऑनलाइन प्रशिक्षण हेतु अनिवार्यतया नामित करें।

6. सभी कार्यालय यह सुनिश्चित करें कि उनके कार्यालय में उपलब्ध नामपट्ट/नाम फलक इत्यादि अनिवार्य रुप से द्विभाषी में ही प्रदर्शित हों।

7. छमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा के दौरान देखा गया कि कई कार्यालयों के प्रधानों ने बैठक में अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं कराई है। उन्होंने असंतुष्टि व्यक्त करते हुए कहा कि इस समिति के गठन एवं बैठक का मुख्य उद्देश्य, कार्यालय प्रधानों को राजभाषा नीति-नियमों के अनुपालन एवं राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी गतिविधियों से अवगत कराना है। लेकिन प्रधानों की अनुपस्थिति से समिति का उद्देश्य साकार नहीं हो पाता है। **अत: अनुरोध किया जाता है कि नराकास की बैठकों में सभी सदस्य कार्यालयों के प्रधान अपनी उपस्थिति को सुनिश्चित करें।**

8. छमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा के दौरान यह भी पाया गया कि कुछ कार्यालयों में मूल पत्राचार, टिप्पणी, नियम 5, नियम 8(4) का निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है। कृपया इस पर ध्यान दें तथा हिंदी संवर्ग में रिक्त पदों को भरने हेतु यथाशीघ्र आवश्यक कार्रवाई करें ताकि राजभाषा का कार्यान्वयन सुचारू रूप से किया जा सके।

9. तिमाही प्रगति रिपोर्ट ऑनलाइन भेजने के संबंध में कहा कि कुछ कार्यालय अभी भी तिमाही प्रगति रिपोर्ट ऑनलाइन नहीं भेज रहे हैं। अभी तक ऑनलाइन पंजीकरण नहीं हुआ है। इससे वे राजभाषा विभाग द्वारा दिए जाने वाले पुरस्कार से वंचित हो जाएंगे। अत: इस संबंध में उन्होंने सदस्य सचिव से अनुरोध किया कि छमाही प्रगति रिपोर्ट के प्रपत्र में तिमाही प्रगति रिपोर्ट ऑनलाइन भेजने के पंजीकरण कोड से संबंधित कॉलम जोड़ा जाए, जिससे तत्संबंधी कार्यालय के पंजीकरण की स्थिति के बारे में पता चलेगा।

10. सूचना प्रौद्योगिकी के तहत कार्यालय में उपलब्ध कराए गए कंप्यूटर, लैपटॉप, वेबपोर्टल, वेबसाइट, इंट्रानेट इत्यादि पर द्विभाषिकता को सुनिश्चित करवाएं।

11. सूचित किया कि ऐसे कार्यालयों की सूची बनाई जाए जो समय पर छमाही रिपोर्ट नहीं भेजते हैं/पत्राचार का उत्तर नहीं देते हैं और बैठक/हिंदी कार्यक्रमों में उपस्थिति दर्ज नहीं कराते हैं। ऐसे कार्यालयों के नियंत्रक व मंत्रालय/विभाग से वे स्वयं संपर्क करेंगे।

12. सभी से अनुरोध किया कि कंठस्थ 2.0 वर्शन का अधिकाधिक प्रयोग करें इससे हिंदी के कार्यान्वयन में और भी सुविधा होगी।

13. संसदीय राजभाषा समिति के नियमित दौरों को ध्यान में रखते हुए राजभाषा संबंधी वार्षिक कार्यक्रम में दिए गए लक्ष्यों को प्राप्त करें एवं राजभाषा कार्यान्वयन की दिशा में भरसक प्रयास करें।

14. सूचित किया कि दिनांक 04 जनवरी 2025 को मैसूर में क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इससे संबंधित पंजीकरण लिंक राजभाषा विभाग के पोर्टल पर अपलोड किया गया है। अत: सभी से अनुरोध है कि शीघ्रातिशीघ्र इस पंजीकरण लिंक के माध्यम से अपना पंजीकरण दर्ज कराएं।

(कार्रवाई: सभी सदस्य कार्यालय/Action: All Member Offices)

श्री राधेश्याम गुप्ता, अनुवाद अधिकारी ने सभी गणमान्यों एवं सभी अधिकारी/कर्मचारियों का आभार प्रकट किया। श्रीमती लक्ष्मी देवी, अनुवाद अधिकारी, यू.आर.एस.सी., ने मंच संचालन किया।
Shri Radhyeshyam Gupta, Translation Officer proposed Vote of Thanks to the dignitaries and all the Officials. Smt. Lakshmi Devi, Translation Officer, URSC did the compering.

* * * *

द्वारा तैयार किया गया
Prepared by -

गीता प्रसाद/Geeta Prasad
सदस्य सचिव, नराकास (का.-1)
Member Secretary, TOLIC (O.-1)

द्वारा अनुमोदित किया गया
Approved by -

सीना राजेंद्रन/Seena Rajendran
उप निदेशक (रा.भा.), यू.आर.एस.सी.
Dy. Director (OL), URSC